गतिविधि 10. *नीचे दी गई जगह में बच्चे बुढ़िया दादी के काम आने वाली किसी वस्तु का चित्र बनाएं और उसका नाम भी लिखें आप लिखकर यह भी बता सकते हैं कि वह वस्तु किस काम आएगी।*

गतिविधि 11. *नीचे मजेदार पहेलियां दी गई हैं, इन्हें बच्चों से पूछें और उत्तर सोच कर बताने को कहें।*

1–बिन खाए बिन पिए, सबके घर में रहता हूँ, ना हंसता हूँ ना रोता हूँ, घर की रखवाली करता हूँ।

2–काला मुंह लाल शरीर, कागज को वह खा जाता, रोज शाम को पेट फाड़ कर, कोई उन्हें ले जाता।

उत्तर–1 ताला ***उत्तर –2 लेटर बॉक्स***

गतिविधि 12. *अभिभावक बच्चों के साथ अपना किसी काम को सीखने का अनुभव साझा करें और यह भी बताएं कि आपने यह काम सीखने के लिए क्या–क्या प्रयास किया था। साथ ही आप बच्चों से भी पूछ सकते हैं कि उन्होंने अभी कौन–सा काम करना सीखा है और कैसे सीखा है?*

वर्कशीट निर्माणकर्ता।

1- हेम प्रकाश
2- तनुजा
3- मीनू दोस्ती
4- नीतू पाल
5- योगेश कुमार

ब्लॉक गदरपुर उधम सिंह नगर

तकनीकी सहयोग
– रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट

कक्षा– 1, वर्क शीट–14 (साप्ताहिक)

पाठ– 14 (एक बुढ़िया)

बच्चे का नाम.........................	स्कूल...
अभिभावक का नाम..................	मोबाइल नम्बर..............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. *अभिभावक नीचे दिए गए चित्र को बच्चों को दिखाते हुए इस पर खूब सारी बातचीत करें जैसे– चित्र में आपको क्या–क्या दिखाई दे रहा है? तुम्हें कौन–कौन से काम करना अच्छा लगता है? इन कार्यों को तुम्हारे घर पर कौन–कौन करता है? किन–किन चीजों की मदद से हम घर के कार्यों को जल्दी से कर सकते हैं?*

गतिविधि 2. *अभिभावक नीचे दी गई कविता को बच्चों को पढ़कर सुनाएं तथा बच्चों के साथ मिलकर कविता को गाएं। बच्चों को भी कविता पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। नीचे दिए गए प्रश्नों पर बच्चों से बातचीत करें।*



14. एक बुढ़िया

कहीं एक बुढ़िया थी जिसका
नाम नहीं था कुछ भी,
वह दिन भर खाली रहती थी
काम नहीं था कुछ भी।
काम न होने से उसको
आराम नहीं था कुछ भी,
दोपहरी, दिन, रात, सवेरे,
शाम नहीं थी कुछ भी।

चर्चा के लिए प्रश्न–

प्रश्न –बिना नाम वाली बुढ़िया के क्या–क्या नाम रखे जा सकते हैं?

प्रश्न – वह दिन भर खाली रहती थी, उसके लिए कुछ काम सुझाओ।

प्रश्न – तुम्हारे घर में कौन क्या–क्या काम करता है?

गतिविधि 3. *अभिभावक बच्चों को खेल–खेल में यह गतिविधि करवाएं। जिस शब्द की पहली आवाज 'म' होगी, उसे सुनकर ताली बजानी है, जैसे– मछली में पहली आवाज 'म' है। तो बच्चा इसे सुनकर ताली बजाएगा और चित्रों के नीचे बने बॉक्स में सही का निशान लगाना है। यदि पहली आवाज 'म' नहीं होगी कोई गतिविधि नहीं करेगा।*





गतिविधि 4. *नीचे 'म' और 'उ' अक्षर लिखने का तरीका दिया गया है। बच्चे पढ़ें, लिखें और समझें।*



गतिविधि 5. *अभिभावक बच्चों को जमीन और हवा में 'म' और 'उ' अक्षर लिखने का अभ्यास करवाएं और नीचे दी गई जगह में बच्चों को कम से कम 5 बार 'म' और 'उ' अक्षर लिखने और पढ़ने को कहें।*

म ....

उ ....

गतिविधि 6. *अभिभावक बच्चों से आवाजों को मिलाकर शब्द बनाने का अभ्यास करवाएं तथा नीचे दी गई जगह में बच्चे शब्द लिखें और पढ़ें।*

उ म स → उमस

उ म र → ____

उ स का → ____

गतिविधि 7. *नीचे दिए गए ग्रिड में बहुत से शब्द छिपे हैं। आप बच्चों को शब्दों को ग्रिड में ढूंढ कर गोला लगाने और पढ़ते हुए आगे दी गई जगह में लिखने को कहें।*

बी	की	शा
न	प	म
म	ई	उ
घ	र	स
उ	म	र

मई------------------------------

गतिविधि 8. *अभिभावक 'आ' वर्ण के साथ नीचे दिए गए वर्णों को जोड़कर नये शब्द बनाने में बच्चों की सहायता करें तथा बच्चे बनाए गए शब्दों को लिखने और पढ़ने का अभ्यास करें।*

अ

म ____

स ____

प ____

ए ____

गतिविधि 9. *नीचे दिए गए चित्रों को ध्यान से देखें और अभिभावक बच्चों को इनमें पांच–पांच अंतर खोजकर बताने को कहें।*